आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.02.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय भी बताये।
- प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के 1 हजार 553 करोड़ रुपये जारी।
- राज्य में देहदान करने वाले व्यक्ति का राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार।
- उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अब तक 51 पदक जीते।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की। प्रधानमंत्री ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने परिजन से कहा कि वे अपने बच्चों की इच्छाओं को समझें, उनकी क्षमताओं को समझे। उन्होंने कहा कि हमें सोचना चाहिए कि परीक्षा जरूरी है या जीवन। वहीं टीचर दूसरे बच्चों से तुलना न करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए लिखने की आदत विकसित करनी चाहिए।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

परीक्षा पे चर्चा-प्रदेश

प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण सुना गया। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के लिए 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कराया था। शिवपुरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पूरे कार्यक्रम को विद्यार्थियों ने बहुत ध्यानपूर्वक सुना और इससे महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की। उधर सागर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा में सहभागिता की। रायसेन में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। शाजापुर के उत्कृष्ट विद्यालय में भी स्कूली बच्चों

ने बोर्ड परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स हासिल किए।

खंडवा की छात्रा किरण उइके ने आकाशवाणी से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

किरण उइके, छात्रा, खंडवा

प्रधानमंत्री पेरिस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की ऐतिहासिक कूटनीतिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के साथ रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को मजबूत करना है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री कल से शुरू हो रहे एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। श्री मोदी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे और मार्सिले में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां से आज मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 21वीं किश्त जारी की। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित किए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये जमा किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में

हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी ली। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले की 2 लाख 44 हजार 184 लाड़ली बहनों के खाते में 29 करोड़ रूपये से अधिक की राशी अंतरित की गई| इसके साथ ही जिले के समाजिक सुरक्षा पेंशन के 1,16,204 हितग्राहियों को 06 करोड़ 97 लाख से अधिक जमा हुए।

अंगदान-सम्मान

प्रदेश में देहदान करने वाले व्यक्ति का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादन ने आज भोपाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण से संबंधित राज्यस्तरीय संस्थान की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि अंगदान करने वाले व्यक्ति के परिवार को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाएगा। साथ ही अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिवार को राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में अंगदान व अंग प्रत्यारोपण की सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रयागराज महाकुँभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज का जो क्षेत्र मध्यप्रदेश से सटा हुआ है, विशेष रूप से रीवांचल इलाका, यहां से अन्य राज्यों के श्रद्धालु बड़ी

संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे हैं। इसलिए वाहनों के आवागमन से सड़कों पर यातायात का कुछ दबाव बना हुआ है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्थिति सामान्य होने तक वे एक-दो दिन इस मार्ग से आगे बढ़ने से बचें। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि सीमा क्षेत्रों में जहां भी जाम है, वहां यात्रियों के लिए पानी, भोजन और आवास व्यवस्थाएं सुनिश्चत हो। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विभिन्न मार्गों से प्रयागराज जाने-आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से बचाने और उनकी अन्य समस्याएं दूर करने में हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज से कल 330 ट्रेन रवाना हुईं, जिनसे 12 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालु अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। वहीं पश्चिम मध्य रेलवे से 27 ट्रेन चलाई गईं। आज प्रयागराज से 191 रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

शिक्षा-कार्यशाला

भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में तीन दिवसीय 'अंतर्विषयक विज्ञानों में अद्यतन प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस नेशनल कांफ्रेंस में देश की विभिन्न विश्वविद्यालय व शोध संस्थानों से आए विद्वान, शोधकर्ता और विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने शोधपत्र विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 70 शोध पत्र एवं पोस्टर शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत

किए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि व वक्ता भारतीय सूचना तकनीक संस्थान,भोपाल के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय शोध संस्थाओं को अपने गुणवत्तापूर्ण शोध से औद्योगिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने की क्षमता विकसित करनी होगी। इससे देश के प्रतिभा पलायन पर रोक लग सकेगी। चीन में अनुसंधान व विकास के सुधारों की चर्चा करते हुए उन्होंने भारतीय शोध संस्थानों में मौलिक शोध को बढावा देने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 51 पदक जीत कर देशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। यह मध्यप्रदेश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल खत्म होते-होते अभी और भी पदक मध्यप्रदेश की झोली में आएंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक 21 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य समेत कुल 51 पदक हासिल कर लिए हैं। अकेले वुशु गेम में ही प्रदेश को 9 पदक मिले हैं, जिनमें 6 स्वर्ण और दो रजत पदक शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों का समापन 14 फरवरी को होगा।

समाचार संक्षेप में...

खरगोन कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री धरती आबा उत्कर्ष अभियान एवं आयुष्मान कार्ड बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

- सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज प्रयागराज महाकुंभ से गंगा जल लेकर आये टैंकर का रहवासियों के साथ स्वागत किया।
- पन्ना के मड़ला में कुएं में गिरे तेंदुये का पीटीआर प्रबंधन ने रेस्क्यू कर कोर एरिया में रिलीज किया।
- आगरमालवा जिले मे आज हुई टीएल की बैठक मे कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत कटौती नही करें।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने जिले में जल संचय जन भागीदारी के सम्बन्ध में सम्पन्न गतिविधियों एवं आगे की कार्ययोजना के सम्बन्ध में बैठक ली।

मुख्य समाचार, एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय भी बताये।

- प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के 1 हजार 553 करोड़ रुपये जारी।
- राज्य में देहदान करने वाले व्यक्ति का राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार।
- उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अब तक 51 पदक जीते।